भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
18.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3730 का उत्तर

## 500 वंदे भारत रेलगाड़ियों का विनिर्माण

3730. श्री आलोक शर्मा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की देश में आगामी तीन वर्षों में नई पीढ़ी की 500 वंदे भारत रेलगाड़ियों के विनिर्माण की योजना है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या वंदे भारत रेलगाड़ियों में शीघ्र ही शयनयान शुरू किए जाने की संभावना है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इनके संचालन की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ) यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से, भारतीय रेल ने आधुनिक सवारी डिब्बों, उन्नत संरक्षा विशेषताओं और यात्री सुविधाओं वाली पहली बार स्वदेशी रूप से डिजाइन और विनिर्मित की गई सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत गाड़ियां आरंभ की हैं।

02 दिसंबर, 2024 तक की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल के बड़ी लाइन के विद्युतीकृत नेटवर्क पर 136 वंदे भारत गाड़ी सेवाएं चल रही हैं।

लंबी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए वंदे भारत शयनयान रेलगाड़ियों की योजना बनाई गई है। भारतीय रेल द्वारा विनिर्मित की जाने वाली रेलगाड़ियों के डिजाइन को अंतिम रूप दे दिया गया है। इस समय, 10 वंदे भारत शयनयान रेलगाड़ियों का उत्पादन किया जा रहा है। पहले प्रोटोटाइप का विनिर्माण किया गया है और इसका फील्ड परीक्षण किया जाएगा। गाड़ी शुरू करने की समय-सीमा परीक्षणों के सफलतापूर्वक पूरा होने के अध्यधीन है।

इसके अतिरिक्त, 200 वंदे भारत शयनयान रेकों के विनिर्माण की संविदा भी प्रौद्योगिकी भागीदारों को प्रदान कर दी गई है।

वंदे भारत सहित सवारी डिब्बों का डिजाइन और विनिर्माण सतत् प्रक्रिया है और इसे परिचालनिक और यातायात आवश्यकताओं के आधार पर किया जाता है।

*****